उपर्युक्त सूत्रों को देखने से ज्ञात होता है कि कार्ल पियर्सन की विधि में विषमता-गुणांक ज्ञात करने के लिये विषमता के निरपेक्ष मान में आवृत्ति-वितरण के मानक विचलन (standard deviation) का भाग दिया जाता है। विषमता-गुणांक का मान जितना अधिक होगा उतना ही आवृत्ति-वितरण अधिक विषम (skewed) समझा जायेगा। दूसरे शब्दों में, दो आवृत्ति-वितरणों में जिसका विषमता-गुणांक अधिक है वह अधिक विषम तथा जिसका विषमता-गुणांक कम है वह अपेक्षाकृत कम विषम होगा। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कार्ल पियर्सन के प्रथम सूत्र के अनुसार परिकलित विषमता-गुणांकों के मान $-1$ से $+1$ तक होते हैं परन्तु उनके वैकल्पिक सूत्र के अनुसार किसी विषमता-गुणांक का मान $-3$ से $+3$ तक कोई भी हो सकता है।

## [V] विषमता-गुणांक की गणना
(Calculation of coefficient of skewness)

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि कार्ल पियर्सन के द्वारा बतलाये गये सूत्रों के अनुसार विषमता-गुणांक ज्ञात करने के लिये तीन मापों—(i) समान्तर माध्य (ii) बहुलक अथवा मांध्यिका तथा (iii) मानक-विचलन, की आवश्यकता होती है। इन मापों को ज्ञात करने की विभिन्न विधियों को पहले समझाया जा चुका है। अतः यहाँ हम कुछ उदाहरणों की सहायता से कार्ल पियर्सन के विषमता गुणांक की परिकलन-विधि को स्पष्ट कर रहे हैं।

**उदाहरण (53)** किसी ग्राम के जनसंख्या-सर्वेक्षण से प्राप्त निम्नांकित समंकों से कार्ल पियर्सन का विषमता-गुणांक ज्ञात कीजिये :

| आयु-वर्ग | जनसंख्या |
|---|---|
| 0 - 10 | 30 |
| 10 - 20 | 40 |
| 20 - 30 | 50 |
| 30 - 40 | 48 |
| 40 - 50 | 24 |
| 50 - 60 | 162 |
| 60 - 70 | 132 |
| 70 - 80 | 14 |

**हल**—इस प्रश्न को हल करने के लिये पहले निम्न प्रकार गणना-कार्य कीजिये (सारणी 24.53) :

*सारणी 24.53* **समूहन-विधि के द्वारा बहुलक की गणना**

| आयु-वर्ग | जनसंख्या (आवृत्ति-समूहन) | | | | | | अधिकतम आवृत्ति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दी गयी आवृत्ति | दो-दो के योग | पहली एक को छोड़कर दो-दो के योग | तीन-तीन के योग | पहली एक को छोड़कर तीन-तीन के योग | पहली दो छोड़कर तीन-तीन के योग | टैली | संख्या |
| 0 - 10 | 30 | 70 | | | | | | |
| 10 - 20 | 40 | | 90 | 120 | | | | |
| 20 - 30 | 50 | 98 | | | 138 | | | |
| 30 - 40 | 48 | | 72 | 234 | | 122 | I | 1 |
| 40 - 50 | 24 | 186 | | | | | III | 3 |
| 50 - 60 | 162 | | 294 | | 318 | | IIII | 6 |
| 60 - 70 | 132 | 146 | | | | 308 | III | 3 |
| 70 - 80 | 14 | | | | | | I | 1 |

चूँकि अधिकतम टैली संख्या 6 है अतः (50-60) बहुलक वर्ग हुआ। उपर्युक्त सारणी के अनुसार, बहुलक-वर्ग की निचली सीमा या $L=50$, बहुलक-वर्ग की आवृत्ति या $f_1=162$, बहुलक-वर्ग से पहले वर्ग की आवृत्ति या $f_0=24$, बहुलक-वर्ग से अगले वर्ग की आवृत्ति या $f_2=132$ तथा वर्ग विस्तार या $i=10$ है। इन मानों को सूत्र में रखकर हल करने पर,

बहुलक या
$$Z = L + \frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2} \times i$$

$$= 50 + \frac{162 - 24}{2 \times 162 - 24 - 132} \times 10$$

$$= 50 + \frac{138}{168} \times 10 = 50 + \frac{1380}{168}$$

$$= \frac{8400 + 1380}{168} = \frac{9780}{168}$$

$$= 58.21$$

(G-20)

Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner

*सारणी 24.54* समान्तर माध्य एवं मानक विचलन की गणना (कल्पित माध्य पर आधारित विधि)

| आयु-वर्ग | मध्य-मूल्य | आवृत्ति | मध्य-मूल्य व आवृत्ति का गुणनफल | कल्पित माध्य = A = 45 से विचलन | विचलन का वर्ग | आवृत्ति तथा विचलन का गुणनफल | आवृत्ति तथा विचलन के वर्ग का गुणनफल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | X | f | fX | (X–A) या $d_x$ | $d_x^2$ | $fd_x$ | $fd_x^2$ |
| 0 - 10 | 5 | 30 | 150 | −40 | 1600 | −1200 | 48000 |
| 10 - 20 | 15 | 40 | 600 | −30 | 900 | −1200 | 36000 |
| 20 - 30 | 25 | 50 | 1250 | −20 | 400 | −1000 | 20000 |
| 30 - 40 | 35 | 48 | 1680 | −10 | 100 | − 480 | 4800 |
| 40 - 50 | 45 | 24 | 1080 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 50 - 60 | 55 | 162 | 8910 | +10 | 100 | +1620 | 16200 |
| 60 - 70 | 65 | 132 | 8580 | +20 | 400 | +2640 | 52800 |
| 70 - 80 | 75 | 14 | 1050 | +30 | 900 | + 420 | 12600 |
| | | N = 500 | ΣfX = 23300 | | | $\Sigma fd_x$ = 800 | $\Sigma fd^2_x$ = 190400 |

समान्तर माध्य या $\overline{X} = \frac{\Sigma fX}{N} = \frac{23300}{500}$

$= 46.6$ वर्ष

मानक विचलन अथवा

$$\sigma = \sqrt{\frac{\Sigma fd_X^2}{N} - \left(\frac{\Sigma fd_X}{N}\right)^2}$$

$$= \sqrt{\frac{190400}{500} - \left(\frac{800}{500}\right)^2}$$

$$= \sqrt{380.8 - (1.6)^2} = \sqrt{380.8 - 2.56}$$

$= 19.45$ वर्ष

ऊपर की गयी गणनाओं के अनुसार Z का मान 58.21, $\overline{X}$ का मान 46.6 तथा $\sigma$ का मान 19.45 आता है। इन मानों को निम्नलिखित सूत्र में रखकर गणना करने पर कार्ल पियर्सन का विषमता-गुणांक या

$$\text{Coeff. of Sk} = \frac{\overline{X} - Z}{\sigma}$$

$$= \frac{46.6 - 58.21}{19.45} = -\frac{11.61}{19.45}$$

$= -0.6$

**उदाहरण (54)** एक आवृत्ति-वितरण के विश्लेषण से प्राप्त निम्नांकित परिणामों के आधार पर (i) प्रसरण (variance), (ii) मानक विचलन गुणांक (coefficient of standard deviation) (iii) विचरण गुणांक (coefficient of variation) (iv) विषमता गुणांक (coefficient of skewness) ज्ञात कीजिये :

समान्तर माध्य = 45, माध्यिका = 48, मानक विचलन = 22.5

**हल**—प्रश्न के अनुसार $\overline{X} = 45$, M = 48 तथा $\sigma = 22.5$ हैं। इन मानों को सम्बन्धित सूत्रों में रखकर हल करने पर—

(i) प्रसरण या $V = \sigma^2$

$= (22.5)^2$

$= 506.25$

(ii) मानक विचलन गुणांक या

$$\text{Coefficient of } \sigma = \frac{\sigma}{\overline{X}} = \frac{22.5}{45}$$

$= 0.5$

(iii) विचरण-गुणांक या

$$\text{Coefficient of V} = \frac{\sigma}{\overline{X}} \times 100$$

$$= \frac{22.5}{45} \times 100$$

$= 50\%$

(iv) कार्ल पियर्सन का विषमता-गुणांक या

$$\text{Coefficient of Sk} = \frac{3(\overline{X} - M)}{\sigma}$$

$$= \frac{3(45 - 48)}{22.5} = -\frac{9}{22.5}$$

$= -0.4$

**उदाहरण (55)** A, B तथा C जनपदों के प्रतिदर्श ग्रामों के कृषि-क्षेत्र के निम्नांकित समंकों के आधार पर कार्ल पियर्सन के विषमता-गुणांक की तुलना कीजिये :



Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

# त्रिविम आरेख
## (Three - dimensional diagram)

त्रिविम आरेख को आयतन आरेख भी कहते है। क्योंकि इसमे लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई तीनो विस्तारो का प्रयोग (Volume diagram) किया जाता था। त्रिविम आरेख को उस दशा मे बनाते है जब मूल्यो के मान मे विस्तार अधिक होता है।

घनारेख (Cube diagram) →

जब मूल्यो को घनो के द्वारा प्रदर्शित करते है तो इस प्रकार निर्मित आरेख घनारेख कहलाते है। घनो के आयतनों तथा मूल्यो के घनमूलो मे समानुपति सम्बन्ध पाया जाता है।

| खनिज | संचित अण्डार (करोड़ टन) | घनमूल | घन की भुजा (सेमी) |
|---|---|---|---|
| कोयला | 8,577 | 20.46 | $\frac{20.46}{2.00} \times 0.5 = 5.1$ |
| लौह - अयस्क | 2,300 | 13.20 | $\frac{13.20}{2.00} \times 0.5 = 3.3$ |
| फॉस्फाइट | 240 | 6.21 | $\frac{6.21}{2.00} \times 0.5 = 1.5$ |
| मास - अयस्क | 40 | 3.42 | $\frac{3.42}{2.00} \times 0.5 = 0.8$ |
| सीसा - जस्ता अयस्क | 21 | 2.76 | $\frac{2.76}{2.00} \times 0.5 = 0.69$ |
| मैंगनीज अयस्क | 08 | 2.00 | $\frac{2.00}{2.00} \times 0.5 = 0.5$ |

Teacher's Signature

Teacher's Signature

Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner

# CUBE DIAGRAM




Teacher's Signature

Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner

### त्रिविम आरेख
### (Three-Dimensional Diagram)

त्रिविम आरेख में लम्बाई, चौड़ाई व ऊँचाई तीनों विमाओं का प्रयोग होता है अर्थात् दिये हुए मूल्यों को घनों (cubes), घनाभों (blocks), अथवा गोलों (spheres) आदि के आयतन (volume) के अनुपात में प्रदर्शित किया जाता है। अत: त्रिविम आरेखों को **आयतन-आरेख** (volume diagram) भी कहते हैं। इस प्रकार के आरेख प्राय: उस दशा में बनाये जाते हैं जब दिये हुए मूल्यों में अन्तर बहुत अधिक होता है अर्थात् एक समूल्य का मान बहुत अधिक तथा दूसरे का बहुत कम होता है। प्रमुख प्रकार के त्रिविम आरेखों को नीचे समझाया गया है।

### गोलीय आरेख
### (Spherical diagram)

गोलीय आरेख वृत्तारेखों से दो बातों में भिन्न होते हैं— गोलीय आरेख में वृत्तों के बजाय गोले खींचे जाते हैं तथा द्वितीय, इन गोलों के अर्द्धव्यास दिये हुए मूल्यों के घनमूल (cube roots) के अनुपात में होते हैं। किसी संख्या का घनमूल ज्ञात करने के लिये उस संख्या के लघुगणक (logarithms) में 3 का भाग देते हैं। भाग देने से प्राप्त भजनफल का प्रतिलघुगणक (antilogarithms) उस संख्या के घनमूल को प्रकट करेगा। लघुगणक व प्रतिलघुगणक ज्ञात करने की विधि को अध्याय 24 में विस्तारपूर्वक उदाहरण देकर समझाया गया है।[4] घनमूल ज्ञात हो जाने पर वलय आरेख में बतलायी गई विधि की तरह भिन्न-भिन्न संख्याओं को प्रकट करने वाले गोलों के अर्द्धव्यासों की गणना कर लेते हैं अर्थात् पहले न्यूनतम या अधिकतम संख्या के घनमूल को प्रकट करने वाले गोले का सुविधानुसार कोई अर्द्धव्यास मान लेते हैं। इसके बाद अन्य गोलों के इसी अनुपात में अर्द्धव्यास ज्ञात कर लिये जाते हैं। जनसंख्या का वितरण प्रदर्शित करने वाले बिन्दुकित मानचित्रों (dot maps) में बड़े-बड़े नगरों की जनसंख्या प्रकट करने के लिये प्राय: इस प्रकार के गोले खींचे जाते हैं।

POPULATION OF
METROPOLITAN CITIES OF INDIA, 1981




चित्र 13.18—गोलीय आरेख।



उदाहरण (18) निम्नलिखित आँकड़ों को गोलीय आरेख के द्वारा प्रकट कीजिये :

भारत के महानगरीय नगरों की जनसंख्या, 1981

| महानगर | जनसंख्या | महानगर | जनसंख्या | महानगर | जनसंख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| कलकत्ता | 9,165,650 | बंगलौर | 2,913,537 | पूना | 1,685,266 |
| बृहत् मुम्बई | 8,202,759 | हैदराबाद | 2,565,536 | नागपुर | 1,297,977 |
| दिल्ली | 5,227,730 | अहमदाबाद | 2,515,195 | लखनऊ | 1,006,843 |
| चेन्नई | 4,276,635 | कानपुर | 1,685,308 | जयपुर | 1,004,669 |

दिये हुए आँकड़ों को त्रिकटन संख्याओं में लिखकर त्रिविम प्रकार गोलों के अर्द्धव्यास ज्ञात कीजिये :

| महानगर | जनसंख्या | त्रिकटन संख्या (लगभग) | घनमूल | गोले का अर्द्धव्यास (सेमी) |
|---|---|---|---|---|
| कलकत्ता | 9,165,650 | 91.66 | 4.505 | = 2.0 |
| बृहत् मुम्बई | 8,202,759 | 82.03 | 4.345 | $\frac{4.345}{4.505} \times 2 = 1.93$ |
| दिल्ली | 5,227,730 | 52.28 | 3.740 | $\frac{3.740}{4.505} \times 2 = 1.66$ |
| चेन्नई | 4,276,635 | 42.77 | 3.497 | $\frac{3.497}{4.505} \times 2 = 1.55$ |
| बंगलौर | 2,913,537 | 29.14 | 3.077 | $\frac{3.077}{4.505} \times 2 = 1.37$ |
| हैदराबाद | 2,565,536 | 25.66 | 2.949 | $\frac{2.949}{4.505} \times 2 = 1.31$ |
| अहमदाबाद | 2,515,195 | 25.15 | 2.932 | $\frac{2.932}{4.505} \times 2 = 1.30$ |
| कानपुर | 1,685,308 | 16.85 | 2.564 | $\frac{2.564}{4.505} \times 2 = 1.14$ |
| पुणे | 1,685,266 | 16.85 | 2.564 | $\frac{2.564}{4.505} \times 2 = 1.14$ |
| नागपुर | 1,297,977 | 12.98 | 2.351 | $\frac{2.351}{4.505} \times 2 = 1.04$ |
| लखनऊ | 1,006,843 | 10.07 | 2.159 | $\frac{2.159}{4.505} \times 2 = 0.96$ |
| जयपुर | 1,004,669 | 10.05 | 2.158 | $\frac{2.158}{4.505} \times 2 = 0.95$ |

उपरोक्त सारणी में अधिकतम जनसंख्या वाले महानगर (कलकत्ता) की जनसंख्या के घनमूल को प्रकट करने वाले गोले का सुविधानुसार 2 सेमी अर्द्धव्यास मानकर, अन्य महानगरों की जनसंख्याओं को प्रदर्शित करने वाले गोलों के अर्द्धव्यासों की गणना की गई है। अब इन अर्द्धव्यासों के अनुसार गोले खींचकर आरेख पर शीर्षक आदि लिखिये (चित्र 13.18)।

4. किसी संख्या के घनमूल को लघुगणक व प्रतिलघुगणक सारणियों की सहायता से ज्ञात करते हैं। परन्तु यदि केवल गोलीय आरेख बनाने के उद्देश्य से दी हुई संख्याओं के घनमूल ज्ञात करने हों तो पुस्तक के अन्त में दिये गये परिशिष्ट–5 की सहायता ली जा सकती है। इस परिशिष्ट में 1 से 1000 तक की संख्याओं के घनमूल लिखे गये हैं। इस परिशिष्ट को प्रयोग करने के लिये पहले दी गई संख्याओं को 3 अंकों वाली संख्याओं में परिवर्तित कर लेते हैं। उदाहरणार्थ, मान लीजिये घनमूल लिखे गये हैं। इस परिशिष्ट को प्रयोग करने के लिये पहले दी गई संख्याओं को 3 अंकों वाली संख्याओं में परिवर्तित कर लेते हैं। उदाहरणार्थ, मान लीजिये 53,635,000 72,340,000 तथा 35,833,000 कोई तीन संख्याएँ हैं, जिनके घनमूल ज्ञात करने हैं। इन संख्याओं को तीन अंकों वाली संख्याओं में क्रमश: 536 लाख 723 लाख तथा 358 लाख लिखा जा सकता है। अब परिशिष्ट में 536 723 व 358 के घनमूल पढ़िये, जो क्रमश: 8.1231, 8.9752 व 7.1006 के बराबर हैं।



Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner



(iii) **स्तरित रंगक मानचित्र (Layer Tint Map)** - इस विधि में एक ही रंग की अनेक छायाएँ या स्तरों का प्रयोग करके वितरण दर्शाया जाता है।

**( 2 ) सामान्य छाया विधि** (Simple shade method) :- यह विधि रंगारेखी विधि की तरह ही है लेकिन इसमें रंगों के स्थान पर काली स्याही की विभिन्न छायाओं या आभाओं का प्रयोग करते हैं। इनका चयन अपनी स्वेच्छानुसार किया जाता है। अधिकांशतः भूमि उपयोग, वनों एवं मृदाओं के प्रकार दर्शाने के लिए इस विधि का प्रयोग किया जाता है।




चित्र 7.1 छायाविधि

**( 3 ) वर्ण प्रतीकी विधि** (Choroschematic Method) :- इसे प्रतीक विधि (Symbol Method) भी कहते हैं क्योंकि इसमें किसी वस्तु का वितरण दर्शाने के लिए प्रतीक या चिह्नों का प्रयोग करते हैं। ये प्रतीक निम्नलिखित तीन प्रकार प्रकार के होते हैं:

(i) **ज्यामितीय प्रतीक** (Geometric Symbols) :- इनमें बिन्दु, आयत, वर्ग, त्रिभुज, वृत्त व क्रास प्रमुख हैं। मानचित्र में इन्हें निर्देशिका बनाकर दर्शाते हैं।

(ii) **चित्रमय प्रतीक** (Pictorial Symbols) : ये मानचित्र में दर्शाये जाने वाली वस्तुओं से वास्तव में समरूपता रखने वाली आकृति के प्रतीक होते हैं। जैसे खाद्यान्नों का उत्पादन बोरियों से, कपास का गाँठों से वाहनों का किसी वाहन विशेष द्वारा व चाय का उत्पादन चाय पत्ती दर्शाकर दिखाया जाता है।

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner






चित्र-7.2 : वर्णप्रतीकी विधि

(iii) **मूलाक्षर प्रतीक** (Literal-Symbols) : इस विधि में मानचित्र में दर्शायी जाने वाली वस्तु के नाम का पहला अक्षर प्रयुक्त करते हैं। उदाहरण के लिए यदि कृषि उत्पादों का वितरण दर्शाना है तो गेहूँ 'W' (Wheat) के लिए चावल (Rice) के लिए 'R' चाय (Tea) के लिए 'T' तथा कॉफी (Coffee) लिखेंगे। इसी प्रकार यदि खनिजों का वितरण दर्शाना है तो इसी तरह उनके नाम वाले शब्द का पहला अक्षर दर्शायेंगे।

**( 4 ) नामांकन विधि** (Naming method) :- इस विधि में प्रदर्शित की जाने वाली वस्तुओं का पूरा नाम लिख देते हैं। जिस वस्तु की उपलब्धता जहाँ है वहीं मानचित्र में उसका पूरा नाम लिख देते हैं। इस तरह इस विधि में मूलाक्षर विधि की तरह निर्देशिका (Index) बनाने की आवश्यकता नहीं है। इस विधि में मानचित्र बनाना एवं समझना आसान है।

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner



ये साथ ही ऐसे मानचित्र आमजन में अधिक लोकप्रिय होते हैं क्योंकि इनके लिए विस्तृत आंकड़ों की आवश्यकता नहीं होती है, एक साथ कई वस्तुओं को दर्शा सकते हैं।




चित्र 7.3 : मूलाक्षर प्रतीक विधि

## मात्रात्मक विधियाँ
## (Quantitative Methods)

मात्रात्मक विधियों द्वारा बनाये गये वितरण मानचित्रों द्वारा किसी तत्त्व या वस्तुओं के वितरण के साथ-साथ उनकी मात्रा का भी ज्ञान हो जाता है। इन विधियों द्वारा वितरण मानचित्रों में दर्शायी गई वस्तु का घनत्व, मूल्य तथा समय एवं स्थान के अनुसार उतार-चढ़ाव का भी आभास हो जाता है। बीसवीं शताब्दी में मानचित्र कला में नूतन तकनीकी के समावेश से मात्रात्मक विधियाँ अधिक लोकप्रिय हो गई हैं तथा इनका प्रयोग काफी बढ़ गया है। मात्रात्मक वितरण मानचित्र निम्नलिखित विधियों द्वारा बनाये जाते हैं।

(1) सममान रेखा विधि (Isopleth Method)
(2) वर्णमात्री विधि (Choropleth Method)
(3) बिन्दु विधि (Dot Method)
(4) आरेखी विधि (Diagrammatic Method)

Scanned by CamScanner

**सममान रेखा विधि के गुण :**

1. यह वितरण प्रदर्शित करने की उत्तम वैज्ञानिक विधि है।
2. सममान रेखाओं द्वारा किसी तत्त्व की प्रवणता (Gradient) का पता लगाया जा सकता है कि यह किस दिशा में परिवर्तित हो रहा है।
3. सममान रेखा विधि द्वारा क्षेत्रीय वितरण दर्शाना आसान होता है। तापमान, वर्षा, वायुदाब आदि जलवायु तत्त्वों के आंकड़े बिन्दु आंकड़ों के रूप में होते हैं जिन्हें समताप रेखा, समवृष्टि रेखा तथा समाचार रेखाओं द्वारा दर्शाया जा सकता है।

**सममान रेखा विधि के दोष :**

1. सममान रेखा बनाने के लिए अन्तर्वेशन करना पड़ता है जो सरल कार्य नहीं है।
2. सममान रेखी मानचित्रों में सममान रेखाओं की शुद्धता इस बात पर निर्भर करती है कि स्थानिक आंकड़े कितने हैं क्योंकि आंकड़े जितने अधिक होंगे शुद्धता उतनी ही अधिक होगी।
3. सममान रेखी मानचित्र तभी अधिक महत्त्व का होता है जब प्रवणता अधिक नहीं होती है, इसलिए वितरण में अधिक परिवर्तन होने पर यह विधि उपयोगी नहीं होती है।

## 2. वर्णमात्री विधि
## (Choropleth Method)

वर्णमात्री शब्द अंग्रेजी भाषा के 'Choropleth' का पर्याय है जो ग्रीक शब्दों 'choros' (स्थान) तथा Plethos (माप) से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है, क्षेत्र में माप (Quantity in area)[1] वर्णमात्री मानचित्र में विभिन्न घनत्व को दर्शाने के लिए छायाओं का प्रयोग करते हैं अतः इसे छाया विधि (Shading Method) भी कहते हैं।

वर्णमात्री विधि द्वारा मुख्य रूप से वस्तुओं का प्रति इकाई क्षेत्र, औसत संख्या अथवा प्रतिशत दर्शाते हैं जिनमें जनसंख्या घनत्व, कृषि भूमि व कुल भूमि अनुपात, कृषि भूमि में सिंचित क्षेत्र का अनुपात आदि प्रमुख हैं। मोंकहाउस के अनुसार, "यदि सममान रेखा मानचित्र जलवायु वैज्ञानिक का प्रमुख उपकरण हैं तो वर्णमात्री मानचित्र जनसंख्या वितरण के मात्रात्मक विवेचन में मानव भूगोलवेत्ता का प्रमुख उपकरण है।[2]

वर्णमात्री विधि से वितरण मानचित्र बनाने के लिए राज्यों, जिलों, तहसीलों, विकास खण्डों आदि को इकाई क्षेत्र माना जाता है क्योंकि वर्णमात्री मानचित्रों में घनत्व की भिन्नता को राजनीतिक या प्रशासनिक इकाइयों के अनुसार ही प्रदर्शित किया जाता है।

**उदाहरण**- निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर भारत में जनसंख्या घनत्व दर्शाने के लिए एक वर्णमात्री मानचित्र बनाइये :

---

1. E. Raisz, General Cartography, (1948) P. 249.
2. "If the isopleth is the chief tool of climatologist, the choropleth may be said to be the chief tool of human geographer in his quantitative treatement of the distributional aspect of populations." F.J. Monkhouse and H.R. Wilkinson, Maps and Diagrams; 1960, P. 235.

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

सारणी 7.1 : भारत में जनसंख्या घनत्व - 2001

| क्र. सं. | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश* | घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.) | क्र. सं. | राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश | घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली* | 9340 | 19. | आन्ध्र प्रदेश | 277 |
| 2. | चण्डीगढ़* | 7,900 | 20. | कर्नाटक | 276 |
| 3. | पांडिचेरी* | 2,030 | 21. | गुजरात | 258 |
| 4. | लक्षद्वीप* | 1,895 | 22. | उड़ीसा | 236 |
| 5. | दमन तथा दीव* | 1,413 | 23. | मध्यप्रदेश | 196 |
| 6. | पश्चिमी बंगाल | 903 | 24. | राजस्थान | 165 |
| 7. | बिहार | 881 | 25. | उत्तराखण्ड | 159 |
| 8. | केरल | 819 | 26. | छत्तीसगढ़ | 154 |
| 9. | उत्तर प्रदेश | 690 | 27. | नागालैण्ड | 120 |
| 10. | पंजाब | 484 | 28. | हिमाचल प्रदेश | 109 |
| 11. | तमिलनाडु | 480 | 29. | मणीपुर | 107 |
| 12. | हरियाणा | 478 | 30. | मेघालय | 103 |
| 13. | दादरा व नगर हवेली* | 449 | 31. | जम्मू-कश्मीर | 100 |
| 14. | गोवा | 364 | 32. | सिक्किम | 76 |
| 15. | असम | 340 | 33. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह* | 43 |
| 16. | झारखण्ड | 338 | | | |
| 17. | महाराष्ट्र | 315 | 34. | मिजोरम | 42 |
| 18. | त्रिपुरा | 305 | 35. | अरुणाचल प्रदेश | 13 |

स्रोत : Census of India 2001, Final data.

उपर्युक्त सारणी में दिये गये जनसंख्या घनत्व के आंकड़ों से भारत का वर्णमात्री मानचित्र बनाने के लिए सबसे पहले भारत के राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के आंकड़ों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करना होता है जो इस सारणी में पहले ही हैं अब एक उपयुक्त अन्तराल लेकर इन आंकड़ों को वर्गों में बाँट देते हैं। यहाँ निम्नलिखित वर्ग बनाये जा सकते हैं :

| क्र.सं. | घनत्व प्रति वर्ग कि.मी. | समूह में सम्मिलित राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|
| 1. | 100 व इससे कम | अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह, सिक्किम तथा जम्मू एवं कश्मीर। |
| 2. | 101 से 250 | मेघालय, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश, नागालैण्ड छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा उड़ीसा। |
| 3. | 251 से 500 | गुजरात, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, त्रिपुरा, महाराष्ट्र झारखण्ड, असम, गोआ, दादरा व नगर हवेली हरियाणा तमिलानाडु व पंजाब। |
| 4. | 501 एवं इससे अधिक | उत्तर प्रदेश, केरल, बिहार, पश्चिमी बंगाल, दमन व दीप, लक्षद्वीप, पाण्डिचेरी, चण्डीगढ़ व दिल्ली। |

Scanned by CamScanner
Scanned by CamScanner

वितरण मानचित्र

अब उपर्युक्त चार वर्गों के लिए अलग-अलग छायाओं का चयन करके सम्बन्धित राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में भर दीजिए। यह ध्यान रहे कि छाया की गहराई घनत्व के बढ़ते क्रम में बढ़नी चाहिए अर्थात् कम घनत्व वाले वर्ग में कम गहरी छाया तथा अधिक घनत्व वाले वर्ग में गहरी छाया भरना चाहिए। अंत में चारों के लिए एक निर्देशिका (Index) बना दीजिए जिसको देकर घनत्व का अंतर आसानी से पता कर सकें।




चित्र 7.9 : भारत में जनसंख्या घनत्व का वर्णमात्रा विधि द्वारा निरूपण

**उदाहरण 2 :** निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर राजस्थान का एक वर्णमात्री मानचित्र बनाइये।

Scanned by CamScanner

Scanned by CamScanner

चित्र 5.10

किमी क्षेत्र में 25 बिन्दु अंकित हैं अतः मानचित्र का क्षेत्रफल 108/25 = 4.32 वर्ग किमी हुआ।

## [IV] प्लेनीमीटर द्वारा क्षेत्रफल-अभिकलन
(Computation of area by planimeter)

ऊपर लिखी गई विधियों से प्राप्त परिणामों में अन्तर आने से स्पष्ट होता है कि इन विधियों से केवल करीब-करीब शुद्ध क्षेत्रफल ही ज्ञात किया जा सकता है। इस कमी को दूर करने के लिये प्लेनीमीटर नामक यन्त्र का आविष्कार किया गया (चित्र 5.11)। अलग-अलग निर्माताओं ने अलग-अलग प्रकार के प्लेनीमीटर यन्त्र बनाये हैं परन्तु उनका आधारभूत नियम एक समान ही है। प्लेनीमीटर यन्त्र 28 इन्च, 40 इन्च 45 इन्च, 48 इन्च अथवा 71 सेमी से 1 मीटर तक लम्बे आकार में बनाये जाते हैं। प्लेनीमीटर के प्रमुख अंग निम्नलिखित हैं—

1. **अनुरेखक भुजा** (Tracer arm)—इसके एक सिरे पर अनुरेखक बिन्दु (tracing point) तथा उसकी टेक या आधार (support) होता है। यह भुजा उचित रूप में अंशांकित होती है।

2. **वर्नियरयुक्त वाहक** (Carriage)—इसे अनुरेखक भुजा पर अंकित किसी भी चिह्न पर सही-सही स्थिर किया जा सकता है।

3. **मापक पहिया** (Measuring wheel)—यह 100 समान भागों में विभाजित होता है। इसमें लगे एक वर्नियर की सहायता से मापक पहिये की परिधि का 1/1000 वाँ भाग तक पढ़ा जा सकता है।



Scanned by CamScanner




चित्र 5.11—प्लेनीमीटर।

**4. गणन चक्रिका** (Counting disc)—इसमें मापक पहिये के पूर्ण चक्रों की संख्या पढ़ी जाती है।

**5. ध्रुव भुजा** (Pole arm)—इसका एक सिरा एक सॉकेट के द्वारा वाहक (carriage) से जुड़ा होता है तथा दूसरे सिरे पर आलम्बक (fulcrum) होता है।

**6. आवर्धक लेन्स** (Magnifying lens)—इससे मापक पहिये तथा अनुरेखक भुजा की स्थिति को पढ़ने में सहायता मिलती है।

प्रत्येक यन्त्र के साथ एक सारणी दी जाती है जिसके प्रथम कॉलम में मानचित्रों की कुछ प्रमुख मापनियाँ लिखी होती हैं। द्वितीय कॉलम में इन मापनियों के अनुसार अनुरेखक भुजा पर वर्नियर की स्थिति लिखी होती है। तृतीय कॉलम के प्रथम एवं द्वितीय खण्ड में मापक पहिये के एक चक्र का क्रमशः धरातल तथा मानचित्र पर क्षेत्रफल का मान लिखा रहता है। अन्तिम कॉलम में अचर मूल्य (constant values) लिखे होते हैं जिनका प्रयोग केवल उस दशा में किया जाता है जब यन्त्र की ध्रुव भुजा मानचित्र की सीमा के अन्दर स्थित हो। साधारणतया अचर मूल्यों का प्रयोग नहीं करते तथा मानचित्र को छोटे-छोटे भागों में विभाजित कर लिया जाता है जिससे किसी भाग का क्षेत्रफल ज्ञात करते समय ध्रुव भुजा उस भाग के अन्दर न रह सके।

प्लेनीमीटर से क्षेत्रफल ज्ञात करने की दो विधियाँ हैं :

**प्रथम विधि**—इस विधि में आलम्बक की स्थिति मानचित्र के बाहर होती है तथा प्लेनीमीटर को मानचित्र पर इस प्रकार रखते हैं कि अनुरेखक बिन्दु मानचित्र के लगभग मध्य में हो तथा ध्रुव भुजा अनुरेखक भुजा से लगभग समकोण बनाये। मान लीजिये कोई मानचित्र 6 इन्च=1 मील मापनी पर बना है तो वाहक को सारणी 5.3 के अनुसार अनुरेखक भुजा के 24.40 संख्या वाले चिह्न पर स्थिर कीजिये। अब मानचित्र की सीमा पर कोई प्रारम्भिक बिन्दु (starting point) चुनिये तथा इस बिन्दु पर अनुरेखक बिन्दु को रखकर गणन चक्रिका तथा मापक पहिये पर वर्नियर की सहायता से पाठ्यांक (reading) लीजिये। यह पाठ्यांक (मान लीजिये 3.245) प्रारम्भिक पाठ्यांक होगा। इसके पश्चात् अनुरेखक बिन्दु को धीरे-धीरे घड़ी की सुई की दिशा में पूरी सीमा रेखा पर घुमाते हुए पुनः प्रारम्भिक बिन्दु तक लाकर गणन चक्रिका तथा मापक पहिये का पाठ्यांक लीजिये। यह पाठ्यांक (मान लीजिये 6.347) अन्तिम पाठ्यांक होगा। दोनों पाठ्यांकों का अन्तर अर्थात् 6.347–3.245=3.102 मापक पहिये के द्वारा पूर्ण किये गये चक्रों की संख्या बतलायेगा। अतः इस अन्तर को मापक पहिये के सारणी के अनुसार एक चक्र के क्षेत्रफल अर्थात् 200 एकड़ से गुणा करके अभीष्ट क्षेत्रफल ज्ञात हो जायेगा (3.102 × 200 =620.4 एकड़)। इस बात को एक सूत्र के रूप में निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है :

क्षेत्रफल = मापक पहिये के एक चक्र का क्षेत्रफल
× (अन्तिम पाठ्यांक — प्रारम्भिक पाठ्यांक)

**द्वितीय विधि**—इस विधि में आलम्बक मानचित्र की सीमा के भीतर रहता है। यन्त्र को मानचित्र पर रखने पर अनुरेखक बिन्दु को सीमा रेखा पर घुमाने का ढंग पहले बतलाई गई विधि के ही अनुरूप है। इस विधि में वास्तविक अनुरेखण से पूर्व, अनुरेखक बिन्दु को साधारण रूप में सीमा रेखा पर घुमाकर यह देख लिया जाता है कि गणन चक्रिका की कुल गति आगे की



Scanned by CamScanner

सारणी 5.3. क्षेत्रफल-अभिकलन की सारणी

| मापनी | अनुरेखक भुजा पर वर्नियर की स्थिति | मापक पहिये के एक चक्र का क्षेत्रफल | | अचर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| | | धरातल पर | मानचित्र पर | |
| 1 : 1 | 32..62 | 100 वर्ग सेमी | 100 वर्ग सेमी | 23.42 |
| $\frac{3''}{8}$ = 1′ (1 : 32) | 30.50 | 100 वर्ग फीट | 14.06 वर्ग इन्च | 23.62 |
| $\frac{1''}{4}$ = 1′ (1 : 48) | 27.11 | 200 वर्ग फीट | 12.50 वर्ग इन्च | 24.30 |
| $\frac{1''}{2}$ = 1′ (1 : 24) | 27.11 | 50 वर्ग फीट | 2.50 वर्ग इन्च | 24.30 |
| 6″ = 1 मील (1 : 10560) | 24.40 | 200 एकड़ | 11.25 वर्ग इन्च | 25.15 |
| 1 : 2500 | 21.78 | 10 एकड़ | 10.04 वर्ग इन्च | 26.35 |
| 1 : 500 | 21.78 | 0.4 एकड़ | 10.04 वर्ग इन्च | 26.35 |
| 1 : 1 | 21.69 | 10 वर्ग इन्च | 10 वर्ग इन्च | 26.40 |
| $\frac{1''}{4}$ = 1′ (1 : 48) | 13.56 | 100 वर्ग फीट | 6.25 वर्ग इन्च | – |
| $\frac{1''}{8}$ = 1′ (1 : 96) | 13.56 | 400 वर्ग फीट | 6.25 वर्ग इन्च | – |

ओर है या पीछे की ओर। मान लीजिये कुल गति पीछे की ओर है तो अनुरेखक बिन्दु के प्रारम्भिक तथा अन्तिम पाठ्यांकों के अन्तर को सम्बन्धित अचर मूल्य में से घटाया जायेगा। इसके विपरीत यदि गति आगे की ओर है तो दोनों पाठ्यांकों के अन्तर को सम्बन्धित अचर मूल्य में जोड़ा जायेगा। अन्तर को अचर मूल्य में जोड़ने अथवा घटाने से प्राप्त संख्या की मापक पहिये के एक चक्र के मान में गुणा करके अभीष्ट क्षेत्रफल निकाल लिया जाता है। उदाहरण के लिये, मान लीजिये मानचित्र की मापनी 6 इन्च =1 मील, प्रारम्भिक पाठ्यांक 6.485 तथा अन्तिम पाठ्यांक 2.343 है तो इस विधि में क्षेत्रफल का अभिकलन निम्न प्रकार से होगा:

दोनों पाठ्यांकों का अन्तर

$$= 6.485 - 2.34 = 4.142$$

इस अन्तर को अचर में से घटाने पर

$$25.15 - 4.142 = 21.008$$

(क्योंकि गणन चक्रिका की कुल गति पीछे की ओर है)

अतः क्षेत्रफल $= 21.008 \times 200 = 4201.6$ एकड़

(धरातल पर)

अथवा $21.088 \times 11.25 = 236.34$ वर्ग इन्च

(मानचित्र पर)

उपरोक्त उदाहरण में यदि गणन चक्रिका की कुल गति आगे की ओर होती अर्थात् प्रारम्भिक पाठ्यांक का मान अन्तिम पाठ्यांक के मान से कम होता तो दोनों पाठ्यांकों के अन्तर को अचर मूल्य में जोड़ने से प्राप्त संख्या की मापक पहिये के एक चक्र के मान में गुणा करके अभीष्ट क्षेत्रफल निकाला जाता।

## महत्वपूर्ण प्रश्न

Scanned by CamScanner

# सर्वेक्षण : एक परिचय
# (Surveying : An Introduction)

## परिभाषा
## (Definition)

सर्वेक्षण वह कला है जिसमें सर्वेक्षण उपकरणों की सहायता से धरातल पर मापी गई क्षैतिज दूरियों, कोणों एवं ऊँचाइयों को किसी रूढ़ विधि (conventional manner) के अनुसार लघुकृत मापनी पर मानचित्र के रूप में प्रदर्शित किया जाता है। इस प्रकार सर्वेक्षण में तीन कार्य सम्मिलित होते हैं— (i) **क्षेत्र-अध्ययन** (field work),जिसमें सर्वेक्षण उपकरणों की सहायता से क्षेत्र में निश्चित किये गये बिन्दुओं के बीच की क्षैतिज दूरियों, कोणों, दिशाओं तथा ऊँचाइयों आदि को मापकर क्षेत्र-पुस्तिका (field-book) में लिखा जाता है, (ii) **मानचित्रण** (mapping), जिसमें क्षेत्र-पुस्तिका (field-book) में लिखी गई मापों को मानचित्रकला के नियमों के अनुसार आलेखित करके दिये गये क्षेत्र का मानचित्र बनाया जाता है, तथा (iii) **अभिकलन** (computation), जिसमें स्थितियों, क्षेत्रफलों एवं आयतनों (volumes) को निश्चित करने के लिये आवश्यक गणना कार्य किया जाता है।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि सर्वेक्षण वस्तुतः विज्ञान एवं कला का मिश्रण है क्योंकि एक सर्वेक्षक को न केवल सर्वेक्षण के सिद्धान्तों व सर्वेक्षण-उपकरणों की बनावट का तकनीकी ज्ञान एवं उनके सही-सही प्रयोग का लम्बा अभ्यास आवश्यक है अपितु उसे मानचित्रकला के सामान्य नियमों की भी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक अच्छे सर्वेक्षक में उच्च प्रेक्षण क्षमता तथा शीघ्र सही निर्णय लेने का गुण होना चाहिये।



## सर्वेक्षण का संक्षिप्त इतिहास
## (Brief History of Surveying)

सर्वेक्षण सम्बन्धी कार्यों का इतिहास अति प्राचीन है। मोहनजोदाड़ो, हड़प्पा तथा नाल आदि के भग्नावशेषों को देखने से ज्ञात होता है कि ईसा से लगभग 4,000 वर्ष पूर्व प्राचीन भारतीयों को सर्वेक्षण के सिद्धान्तों का समुचित ज्ञान प्राप्त था। पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार सर्वेक्षण का प्रारम्भ मिश्र में हुआ था। ईसा से पूर्ववर्ती चौदहवीं शताब्दी (1400 B. C.) में **सेसॉसट्रिस** (Sesostris) ने करारोपण के उद्देश्य से मिश्र की भूमि को भूखण्डों या प्लाटों में विभाजित किया था। ईसा पूर्व 120 में **हैरन** (Heron) नामक ग्रीक विद्वान ने सर्वेक्षण पर एक पुस्तक लिखी थी जो बहुत काल तक मिश्र एवं यूनान में सर्वेक्षण की मानक पुस्तक मानी जाती रही थी। सर्वेक्षण विज्ञान का वास्तविक विकास रोमन काल में हुआ। विस्तृत रोमन साम्राज्य में बड़े-बड़े परिवहन मार्गों के निर्माण से सर्वेक्षण को बहुत प्रोत्साहन मिला। मध्यकालीन युग में यूनानी तथा रोमन विद्वानों के सर्वेक्षण-सम्बन्धी ज्ञान को अरब विद्वानों ने जीवित रखा। सोलहवीं शताब्दी में लिखी गई कुछ पुस्तकों में सर्वेक्षण की प्राचीन विधियों के साथ-साथ ज़रीब (chain), प्लेन टेबुल, सेक्सटैन्ट (sextant) तथा थियोडोलाइट (theodolite) आदि सर्वेक्षण उपकरणों का वर्णन किया गया था। 1783 में **रेम्सडेन** (Ramsden) ने सर्वेक्षण का प्रथम परिशुद्ध उपकरण बनाया था और उसके पश्चात् सर्वेक्षण की विधियों एवं उपकरणों में निरन्तर सुधार होता रहा है।

Scanned by CamScanner

## सर्वेक्षण के प्रकार
## (Types of Surveying)

सर्वेक्षण को भिन्न-भिन्न आधारों के अनुसार निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है :

(1) सर्वेक्षण का प्राथमिक (primary) वर्गीकरण :
  (i) भूगणितीय सर्वेक्षण (geodetic surveying), तथा
  (ii) समतल सर्वेक्षण (plane surveying)।

(2) सर्वेक्षण की विधि के अनुसार वर्गीकरण :
  (i) त्रिभुजन सर्वेक्षण (triangulation surveying), तथा
  (ii) चंक्रमण सर्वेक्षण (traverse surveying)।

(3) प्रयुक्त सर्वेक्षण उपकरण के अनुसार वर्गीकरण :
  (i) ज़रीब एवं फीता सर्वेक्षण (chain and tape surveying),
  (ii) प्लेन टेबुल सर्वेक्षण (plane table surveying),
  (iii) दिक्सूचक अथवा कम्पास सर्वेक्षण (compass surveying),
  (iv) सेक्सटैन्ट सर्वेक्षण (sextant surveying),
  (v) थियोडोलाइट सर्वेक्षण (theodolite surveying),
  (vi) डम्पी लेविल (dumpy level) द्वारा तलमापन (levelling),
  (vii) भारतीय क्लाइनोमीटर (Indian clinometer) द्वारा प्रवणता की माप, तथा
  (viii) हवाई सर्वेक्षण (air surveying)।

(4) सर्वेक्षण की वस्तु (object of surveying) के अनुसार वर्गीकरण :
  (i) स्थलाकृतिक सर्वेक्षण (topographical surveying),
  (ii) पुरातात्विक सर्वेक्षण (archaeological surveying),
  (iii) भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (geological surveying),
  (iv) सैन्य सर्वेक्षण (military survey),
  (v) भूसम्पत्ति सर्वेक्षण (cadastral survey),
  (vi) शहर सर्वेक्षण (city survey),
  (vii) इंजीनियरी सर्वेक्षण (engineering survey),
  (viii) अन्य सर्वेक्षण (other surveys)।

(5) सर्वेक्षण-क्षेत्र की प्रकृति के अनुसार वर्गीकरण :
  (i) भू-सर्वेक्षण (land survey),
  (ii) समुद्री (marine) अथवा नौसंचालन (navigation) सर्वेक्षण, तथा
  (iii) खगोलीय सर्वेक्षण (astronomical survey)।

### [I] भूगणितीय सर्वेक्षण
### (Geodetic surveying)

पृथ्वी की गोलाभ (spheroidal) आकृति को ध्यान में रखकर किये गये सर्वेक्षण को भूगणितीय या त्रिकोणमितीय (trigonometrical) सर्वेक्षण कहते हैं। किसी बड़े क्षेत्र में दिये गये बिन्दुओं की पृथ्वी पर परिशुद्ध स्थितियाँ ज्ञात करने के लिये भूगणितीय सर्वेक्षण किया जाता है। इस सर्वेक्षण में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण एवं प्रेक्षण की विधियाँ बहुत परिष्कृत होती हैं। इस प्रकार के सर्वेक्षण केवल सरकार द्वारा कराये जाते हैं। उदाहरणार्थ, भारत में 'सर्वे ऑफ इण्डिया' तथा संयुक्त राज्य अमेरिका मे 'यू. एस. जियोलॉजीकल सर्वे' तथा 'यू. एस. कोस्ट एण्ड जियोडैटिक सर्वे' विभागों के द्वारा भूगणितीय सर्वेक्षण किये जाते हैं।

यदि पृथ्वी की आकृति को एक पूर्ण गोले (sphere) के समान मान लिया जाये तो स्पष्ट है कि धरातल पर स्थित किन्हीं दो बिन्दु A तथा B को मिलाने वाली रेखा वक्राकार होगी (चित्र 16.1 A)। इसी प्रकार पृथ्वी की औसत सतह पर स्थित किन्हीं तीन बिन्दुओं को एक-दूसरे से मिलाने पर बनी आकृति गोलीय त्रिभुज (spherical triangle) होगी। चित्र 16.1 B में ABC (ठोस रेखाएँ) एक गोलीय त्रिभुज है तथा A′, B′ तथा C′ गोलीय कोण (spherical angles) हैं। यदि पृथ्वी की वक्रता को भुला दिया जाये अर्थात् धरातल को सपाट मान लिया जाये तो इन बिन्दुओं को मिलाने वाली रेखाएँ (खण्डित रेखाएँ) सरल रेखाएँ होंगी तथा इनके द्वारा निर्मित समतल (plane) त्रिभुज ABC में a, b, तथा c समतल कोण होंगे। इस प्रकार भूगणितीय सर्वेक्षण में गोलीय त्रिकोणमिति (spherical trigonometry) का प्रयोग होता है।

### [II] समतल सर्वेक्षण
### (Plane surveying)

समतल सर्वेक्षण में पृथ्वी की सतह को समतल (plane) मान लिया जाता है अर्थात् सर्वेक्षण करते समय पृथ्वी की गोलाभ




चित्र 16.1



Scanned by CamScanner

M.A/M.Sc Pre Geography (Practical)

## Practicals

### Scheme of examination

Min. Pass Marks: 36 — Non-collegiate candidate/Regular candidates — Max. Marks: 100

| | | Bifurcation of Marks | Time |
|---|---|---|---|
| Written test | 60 (6 questions) | 40 | 4 hrs. |
| Record work and viva voce | 30+10 | 20+10 | |
| Project report and viva voce | -- | 20+10 | |

N.B. In written test there shall be 2 questions from each section. Candidates have to answer 4 questions selecting at least one question from each section. All questions carry equal marks. Examination be conducted in batches of not more than 20 candidates in any case. 12 hours of teaching practicals be provided for a batch of 20 students per week.

### SYLLABUS

#### Section A

The art and science of cartography, history of maps, materials, techniques and preparation of maps, enlargement, reduction and finding of area of maps, use of planimeter, Study of geological maps and preparation of their section and interpretation, interpretation of weather maps and weather forecast.

#### Section B

Map projections (mathematical construction): classification and characteristics of any three from each of the four classes of projections.

I. Conical Projections:
   1. Equal area with the one standard parallel (Lambert's Projections)
   2. Equal Area with two standard parallels (Albert's Projections)
   3. Bonne's 4. Polyconic

II. Cylindrical Projections:
   1. Cylindrical Equal Area 2. Mercator's 3. Gall's Stereographic

III. Zenithal Projections:

| | | |
|---|---|---|
| 1. Gnomonic: | (a) Polar Case | (b) Eq. Case |
| 2. Stereographic : | (a) Polar Case | |
| 3. Orthographic: | (a) Polar Case | (b) Eq. Case |
| 4. Equal Area: | (a) Polar Case | (b) Eq. Case |
| 5. Equidistant: | (a) Polar Case | (b) Eq. Case |

IV. Conventional Projections:
   1. Sinusoidal
   2. Mollweide
   3. Interrupted Sanson Flemsteed (Homolosine)

Choice of projections used for maps produced in India.

(15)

Raj Jas
Dy. Registrar
(Academic)
University of Raj- 320

Scanned by CamScanner

## Section C

Geogr hical maps and diagrams: computation of data, preparation of frequency tables, representation of data by histograms and ogives, finding skewenss, computation of mean, median and mode, deviation-standard deviations and mean deviations, theoretical basis of nearest neighbor analysis, practical exercises of nearest neighbor analysis, location analysis of urban centers, coefficient variation, All these be computed from the Statistical data, preferably based on State, District, Tehsil and community Development Block as unit areas and the following types of maps and diagrams be prepared.

Maps and their interpretations: isopleths, choropleth and chorochromatic, choroschematic and isochronic map, population pyramids map.

Three dimensional diagrams of economic and social data, accessibility and flow maps, Transport Network analysis

Diagrams: Polygraph semi-log and log graphs, trilinear chart, circular gaph, climatograph, Hythergraph, climograph, annual water deficiency and water surplus graph.

Project Report: A regular candidate is to prepare project report of a village area. The candidate is free to select any supervisor amongst the staff members of the project. A supervisor can take only 5 candidates, the marking on the project report will be awarded by the external examiner in consultation with the supervisor concerned, the project should be based on primary data obtained by the candidates, the data should be represented by suitable cartographic methods. (30 अंक)

N.B. Project Report is not applicable in case of non-collegiate candidates.

Recommended Readings:


चौहान, पी.आर. 2005: प्रयोगात्मक भूगोल, वसुन्धरा प्रकाशन, गोरखपुर।

Dickinson, G.C. 1973: Statistical Mapping and Mapping Statistics, London.

Khullar, D.R. 2000: Essentials of Practical Geography, New Academic Publishing Co., Jalandhar.

Lawrence, G.R.P. 1971: Cartographic Methods, Methuen, London.

Mahmood, A. 1998: Statistical Methods in Geographical Studies. Rajesh Publications, New Delhi.

Robinson, A.H. et al. 2004: Elements of Cartography, John Wiley & Sons, Inc., New York (Sixth Edition)

Rampal, K.K. 1993: Mapping and Compilation: Methods and Techniques Concept Publishing Company, New Delhi (Reprint 2009)

शर्मा, जे.पी. 2010–11: प्रयोगात्मक भूगोल की रूपरेखा,रस्तोगी पब्लिकेशन्स, मेरठ।

Singh, R.L. and Singh RPB 1991: Elements of Practical Geography, Delhi (Reprint 2008)


Scanned by CamScanner